हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 28 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

10 सरकार का उद्देश्य पात्र व्यक्ति तक योजनाओं....



10 समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता...



## खबर संक्षेप

### ऑटो में लिफ्ट देकर जेब से पचास हजार उड़ाए

**जींद।** व्यक्ति को ऑटो में लिफ्ट दे कर जेब से पचास हजार रुपये निकाल लिए। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाबा कुंडी निवासी बुधराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यूनियन बैंक से एक लाख रुपये निकलवा कर लाया था। उसने पचास हजार एक जेब में तो पचास हजार रुपये दूसरी जेब में रख लिए। जब वह घर की तरफ जा रहा था तो ऑटो चालक ने उसे बैठने के लिए कहा।

### विवाद में 6 घायल, दस के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव बेलरखां में हुए विवाद में छह लोगों के घायल होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बेलरखां निवासी बबली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके घर बच्चे का जन्मदिन मनाया जा रहा था। पड़ोसी धर्मबीर परिवार ने गली में उनके रिश्तेदार की गाड़ी को रोक लिया। जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई। उसी दौरान धर्मबीर परिवार ने उन पर हमला कर दिया।

### एटीएम कार्ड बदल 35 हजार निकाले, केस

**जींद।** सफीदों एटीएम केबिन में राशि निकलवाने गए व्यक्ति का दो युवकों ने एटीएम कार्ड बदल कर 34 हजार 800 रुपये निकलवा लिए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ धोखाधडी का मामला दर्ज किया है। गांव रामनगर निवासी जगबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश सफीदों गया हुआ था। जरूरत पडने पर वह एसबीआई के एटीएम कैबिन में रुपये निकलवाने चला गया। उसी दौरान दो युवक वहां पर आए और कहा कि ताऊ वे रुपये निकाल देंगे।

### अवैध 22 कारतूसों सहित युवक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने अवैध कारतूसों सहित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना के इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि उनकी एक टीम मुख्य सिपाही हरदीप सिंह के नेतृत्व में इंदिरा कॉलोनी नरवाना के पास मौजूद थी। तभी सूचना मिली कि एक युवक अवैध कारतूसों के साथ खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया। युवक की पहचान मोर पत्ती निवासी मोहित के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसकी लोअर की जेब से कुल 22 कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद हुए।

### चावल चोरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस ने चावल चोरी मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एचसी पवन कुमार की टीम द्वारा आरोपी बाल्मीकि बस्ती कैथल निवासी कमलदीप, सैनी कॉलोनी कैथल निवासी नरेश व लवली तथा ग्रेन मार्केट कैथल निवासी अजय को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में गांव कुलतारण निवासी बलवान सिंह की शिकायत अनुसार वह ट्रक चालक है।

### अवैध असला सप्लाई के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक असला सप्लायर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 मार्च को स्पेशल डिटेक्टिव युनिट के एएसआई शमशेर की टीम द्वारा हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे से गांव प्योदा की ओर जाने वाले मार्ग से राकेश निवासी तितरम व अंकित निवासी नरड़ को काबू किया गया था। जिनके कब्जे से 2 देसी पिस्टल, 2 मैगजीन व 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए थे।

# मौसम परिवर्तनशीलता के कारण बढ़े सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज

## वायरल को लेकर ओपीडी स्लिप कटवा रहे मरीज, बुजुर्गों, बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वालों का विशेष ख्याल रखने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मौसम परिवर्तनशीलता के चलते इन दिनों खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में उछाल आया है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिशत बदलते मौसम और वायरल संक्रमण के चलते मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। लगभग 250 मरीज ऐसे आ रहे हैं जो फिजिशियन या फिर वायरल को लेकर ओपीडी स्लिप कटवा रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार मौसम में हो रहे बदलाव के कारण वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम और खांसी की शिकायत लेकर मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। ज्यादातर मरीजों में हलका बुखार, गले में खराश, सिरदर्द, थकान और सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण दिख रहे हैं। कुछ मरीजों में यह संक्रमण तीन से चार दिनों तक बना रह रहा है। ऐसे में चिकित्सकों ने स्पष्ट किया है कि यह सामान्य वायरल फ्लू है और मौसम बदलाव के साथ ही अपना ध्यान रखें। फिजिशियन डा. विनीता के अनुसार जब भी मौसम में बदलाव आता है तो वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इन दिनों सर्दी, जुकाम और बुखार के केस बढ़े हैं। ज्यादातर मरीजों को ठीक होने में तीन से पांच दिन लग रहे हैं। बुजुर्गों, बच्चों और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। उन्होंने मरीजों को सलाह दी कि मरीज ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं, आराम करें और भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहें। अगर बुखार तीन दिन से ज्यादा रहेए सांस लेने में तकलीफ हो या सीने में दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। नागरिक अस्पताल के ओपीडी में सुबह ही मरीजों की लंबी कतारें लग जाती हैं। मौसम में बदलाव से महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी प्रभावित हैं।

**नागरिक अस्पताल में लगी लंबी लाइन।**



### तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाएं

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाएं। बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल न करें। क्योंकि इससे रेजिस्टेंस बढ़ सकता है। बदलते मौसम में वायरल संक्रमण से बचने के लिए इम्यूनिटी बढ़ाने वाली चीजें जैसे फल, सब्जियां, हल्दी वाला दूध और व्यायाम जरूरी हैं।

### ऐसे करें बचाव

बुखार होने पर खुद दवा न लें, डॉक्टर से सलाह लें। अगर लक्षण बढ़ें तो तुरंत अस्पताल जाएं। हाथों को बार-बार साबुन से धोएं। भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाएं।ज्यादा पानी पिएं और पौष्टिक भोजन लें



**जींद।** जींद पहुंचे छोटे पांच किलोग्राम के सिलेंडर। फोटो :हरिभूमि

# प्रवासी मजदूरों को मिलेंगे फ्री पांच किलोग्राम ट्रेड एलपीजी सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए पांच किलोग्राम मुफ्त ट्रेड एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति व वितरण करने बारे आदेश दिए गए हैं ताकि किसी भी प्रवासी मजदूर के परिवार को खाने-पीने की समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने प्रवासी मजदूरों को दिए जाने वाले पांच किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडरों की दैनिक मात्रा को दोगुणा करने का निर्णय लिया गया है। यह सिलेंडर केवल प्रवासी मजदूरों को आपूर्ति करने के लिए राज्य सरकार व विभाग के पास उपलब्ध होंगे। जिसके लिए प्रवासी मजदूर अपने किसी पहचान पत्र से नजदीकी गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने सभी सहायक खाद्य आपूर्ति नियंत्रकों को आदेश दिए हैं कि वे आपके अधीन आने वाले क्षेत्रों में गैस एजेंसियों में इन आदेशों की पालना सुनिश्चित करें तथा प्रवासी मजदूरों के लिए पांच किलोग्राम के सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए कैंप लगवाना सुनिश्चित करें तथा लगाए जाने वाले कैंपों की सूचना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें ताकि प्रवासी मजदूरों को पांच किलोग्राम के सिलेंडर सुगमता से मिल सके।

### सिलेंडर आपूर्ति में वृद्धि के नियम में बदलाव : राजेश

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक राजेश कुमार आर्य ने गुरूवार को बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा दिए निर्देशानुसार सिलेंडर आपूर्ति में वृद्धि के नियम में बदलाव करते हुए व्यवसायिक सिलेंडर की आपूर्ति 20 प्रतिशत अधिक की जानी है। जिसके लिए सभी व्यावसायिक और औद्योगिक एलपीजी उपभोक्ताओं को तेल वितरण कंपनियों के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा तथा पीएनजी के आवेदन के लिए 50 % आवंटन का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को अपने शहर की सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन इकाई में पीएनजी में आवेदन करना होगा।

## परिवहन विभाग ने स्कूल बसों की जांच की

# तीन बसों में फायर सिलेंडर, फर्स्ट एड बॉक्स और सीसीटीवी कैमरे नहीं मिले

### *जींद में 350 से ज्यादा निजी स्कूलों में एक लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे*

**जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का किया गठन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो सप्ताह के बाद जिला परिवहन विभाग की ओर से वीरवार को शुरू किए गए स्कूली बसों की जांच का जुलाना क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान चार स्कूलों की 18 बसों की जांच की गई। जिसमें से तीन बसों में फायर सिलेंडर, फरुट एड बाक्स व सीसीटीवी कैमरा नहीं मिलने पर ढाई हजार रुपये का चालान किया गया। पिछले सप्ताह दो अप्रैल को जिला परिवहन विभाग के कर्मचारी मुख्यमंत्री रैली की तैयारियों में व्यस्त होने के कारण अभियान नहीं चला पाए थे।

वहीं 26 मार्च को रामनवमी पर राजकीय अवकाश था। वहीं 19 मार्च को चलाए गए अभियान के दौरान दो स्कूलों में 27 बसों की जांच की गई थी। जिस दौरान सभी मानक पूरे मिलने पर कोई चालान नहीं किया गया। वहीं 12 मार्च को दो स्कूलों में 25 बसों की जांच की गई। 10 बसों में सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बाक्स व फायर सिलेंडर नहीं मिलने पर 14 हजार 500 रुपये का चालान हुआ था। सप्ताह में हर वीरवार को जिला परिवहन विभाग की टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन विभाग कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआइए ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। जिसमें रिफ्लेक्टर, फायर सिलेंडर, फर्स्ट एड बाक्स सहित चालक व परिचालकों के लाइसेंस की जांच की जाती है।

जिले में 350 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल हैं। इसमें एक लाख से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों को स्कूल व घर पर ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था होती है। नियमानुसार इसमें एक सहायक भी तैनात होता है। इसके अलावा बस में जीपीएस व सीसीटीवी कैमरे भी लगे होना अनिवार्य होते हैं। बस का परमिट व चालक के पास हैवी लाइसेंस जैसे कागजात भी जरूरी होते हैं लेकिन प्राइवेट बस चालक कई बार इन नियमों का पालन नहीं करते। बस भी ज्यादा स्पीड में चलाते हुए पाए जाते हैं। जिससे सड़क हादसे का खतरा बना रहता है। ऐसे में हर वीरवार को जिला परिवहन विभाग की टीम द्वारा बसों की जांच की जाती है और जांच के दौरान खामियां पाए जाने पर चालान किया जाता है।



**जींद।** बसों की जांच करते परिवहन विभाग के कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### जारी रहेगा बसों की जांच का अभियान

जिला परिवहन इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने कहा कि अभियान लगातार जारी रहेगा। इसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बसों की जांच कर विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित परिवहन सुविधा मुहैया करवाना है। स्कूली बसों की जांच के लिए हर वीरवार को अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान जो-जो कमियां पाई जाती हैंए उस आधार पर बसों का चालान किया जाता है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जींद।** नरवाना के पुराना हिसार रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक निजी नर्सिंग कालेज में सुरक्षा गार्ड था। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तोल्यू जिला गढवाल उतराखंड निवासी उदय (34) उचाना निजी नर्सिंग कालेज में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत था। वह कार्यवश स्कूटी लेकर नरवाना गया हुआ था। जब वह पुराना हांसी रोड पर एजेंसी के पास पहुंचा तो किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिसमें उदय गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके पर फरार हो गया। राहगीरों ने उदय को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जंहा पर उपचार के दौरान उदय की मौत हो गई।

### लॉ डिपार्टमेंट को बजट एडिड कोर्स में शामिल करने की मांग

**जींद।** डीएएफएसआई टीम ने सीआरएसयू वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में लॉ डिपार्टमेंट को बजट, एडिड कोर्स में शामिल करने की प्रमुख मांग रखी गई ताकि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को राहत मिल सके और सभी को समान अवसर प्राप्त हो सकें। टीम ने स्पष्ट किया कि सेल्फ फाइनेंस सिस्टम के कारण कई योग्य छात्र कानून की पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। इसलिए इसे एडिड कार्स में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही टीम ने विश्वविद्यालय परिसर में बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की 50 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की ताकि छात्रों को संविधानए समानता और न्याय के मूल्यों से प्रेरणा मिलती रहे।




**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह लोगों की शिकायत सुनते।

### एसडीएम ने सुनी आमजन की शिकायतें


**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि समाधान शिविर के आयोजन से आमजन काफी संतुष्ट नजर आ रहे है। इन शिविरों में जहां आमजन की समस्याओं का निवारण मौके पर किया जाता है वहीं उनको सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है। एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ने आमजन की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। आमजन की समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों से उनका मौके पर ही निपटान करवाया जाता है। यदि किसी व्यक्ति की शिकायत उपमंडल स्तर पर दूर न हो तो उसे जिला मुख्यालय भेज उसका निपटान करवाया जाता है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं का निपटान मौके पर ही करवा सकते है। यह समाधान शिविर हर सप्ताह दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जाते है। आमजन इन शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

### सड़क के गड्ढे बने परेशानी

**कैथल।** कैथल का जींद बाइपास रोड इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के चलते वाहन चालकों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बना हुआ है। सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है और इसमें गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जिससे आए दिन हादसे होने की आशंका बनी रहती है। कई वाहन चालक पहले भी इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं, वहीं कुछ लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। बारिश के दौरान हालात और भी गंभीर हो जाते हैं, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। यह सड़क जींद रोड से कैथल के छोटू राम चौक और नए बस स्टैंड को जोड़ती है, जिस कारण यहां दिनभर हजारों वाहनों की आवाजाही रहती है। इसी मार्ग पर कैथल का नागरिक अस्पताल भी स्थित है, जिससे यह सड़क शहर के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल हो जाती है। बावजूद इसके, लंबे समय से इसकी मरम्मत नहीं होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासी शिव कुमार ने बताया कि सड़क की खराब हालत के कारण आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि इस सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए।



**कैथल।** कैथल का टूटा पड़ा जींद रोड। फोटो :हरिभूमि



### कृषि मंत्री ने लिया खरीद व्यवस्थाओं का जायजा

**जींद ।** कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने वीरवार को जिला के सफीदों, पिल्लूखेड़ा तथा अलेवा अनाज मंडियों का निरीक्षण किया और बारदाना, फसल खरीद, उठान, भुगतान और मंडियों में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि मंडी में फसल की खरीद, उठान और भुगतान प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता व तेजी से पूरा किया जाए ताकि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की समस्या नहीं आए। जिन किसानों की फसलों की वेरिफिकेशन अभी तक नहीं हो पाई है, उन किसानों के नाम, पता व आढ़ती का नाम लिखकर तहसीलदार से वैरिफाई करवाए, ताकि उनकी फसल बिना किसी देरी के मंडी में खरीदी जा सके। राज्य सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी किसान को अपनी उपज बेचने में परेशानी नहीं हो। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मंडियों का नियमित निरीक्षण करें और मौके पर ही किसानों की समस्याओं का समाधान करें। कहा कि रबी और खरीफ दो ही प्रमुख फसल सीजन होते हैं और किसान की सालभर की आर्थिक व्यवस्था काफी हद तक रबी सीजन पर निर्भर करती है।

## 31 मई तक बिल नहीं भरा तो कटेंगे पेयजल कनेक्शन : कार्यकारी अभियंता

# शहरी क्षेत्र में पेयजल व सीवरेज के बिलों पर 31 दिसंबर तक लगे सरचार्ज होंगे 100 प्रतिशत माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहरी क्षेत्र में पेयजल व सीवरेज के बकाया बिल 31 मई तक नही भरे तो उनके पेयजल कनैक्शन काट दिए जाएंगे। विभागीय कार्यावाही करते जुर्माना भी लगाया जाएगा। विभाग की तरफ से जारी अधिसुचना के अनुसार 31 दिसंबर तक की अवधि तक के बकाया बिलों पर लगें सरचार्ज में 100 प्रतिशत की एकमुश्त छुट दी जाएगी लेकिन इसके लिए उपभोक्ताओं को 31 मई तक अपना पूरा बकाया बिल चालू बिल के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि शहरी पेयजल बिल रिकवरी अभियान के दौरान जींद शहर में विभाग की सरचार्ज माफी योजना की जानकारी उपभोक्ताओं के साथ सांझा भी की जा रही है। पुराने नियमों के तहत देरी से भुगतान करने पर कुल बिल राशि पर जुर्माना लगता था जिससे बिल की राशि काफी बढ़ जाती थी। अब नए संशोधन के तहत यदि देय तिथि तक बिल नही भरा जाता है तो केवल चालू बिल पर ही एक बार 10 प्रतिशत की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। अगले बिलों में पिछली कुल बकाया राशि पर जुर्माना नही जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ मीटर युक्त पेयजल कनैक्शन उपभोक्ताओं को ही मिलेगा। यदि बिना मीटर युक्त पेयजल कनैक्शन उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाना चाहता है तो उसे अपने पेयजल कनैक्शन पर मीटर लगवाना होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वे जल्दी से जल्दी अपने बकाया बिल भरे। यदि उपभोक्ता 31 मई तक बिल नही भरता तो विभाग द्वारा पेयजल कनैक्शन काट दिये जाएंगे।



### करोड़ों रुपये की राशि बकाया

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलहाकार रणधीर मताना ने बताया की जिला में जींद, जुलाना, नरवाना, उचाना व सफीदों शहर में 53960 पेयजल एवं सीवरेज उपभोक्ता हैं। उन्होने बताया की विभाग का इन उपभोक्ताओं पर पेयजल एवं सीवरेज बिल के रूप में करोडों रुपये की राशि बकाया है।

### साइबर धोखाधड़ी के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** शेयर मार्केट में रुपये लगवाकर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 7.40 लाख की साइबर ठगी मामले की जांच थाना साइबर क्राइम एसएचओ एसआई रणदीप सिंह की अगुवाई में एसआई सुरेंद्र की टीम द्वारा करते आरोपी ढाणी छज्जु जिला सिरसा निवासी गुरमीत को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की अर्जुन नगर कैथल निवासी अमनदीप कौर द्वारा साइबर क्राइम थाना में 30 जुलाई 2024 को दी शिकायत अनुसार कुछ समय पहले उसे अज्ञात ने कैपिटल ग्रोथ गाइड 123ए नामक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर लिया था। उस ग्रुप में सभी को शेयर मार्केट के बारे में जानकारी दी जाती थी। वहां पर बताया जाता था कि अगर ग्रुप पर बताए शेयर से किसी को नुकसान होता है तो पूरा पैसा सो कॉल्ड नेम-लांग ग्रीक कैपिटल कंपनी द्वारा वापस कर दिया जाएगा ।

## खबर संक्षेप

### बायोमेट्रिक प्रणाली बन रही परेशानी : बिल्लू

**उचाना।** इनेलो हलकाध्यक्ष समरवीर उर्फ बिल्लू पेगां ने कहा कि वर्तमान पोर्टल आधारित व्यवस्था और बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सरकार द्वारा लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली के चलते किसानों को अपनी फसल बेचने में अनावश्यक देरी और तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि इस व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। पेगां ने कहा कि आज मंडी में गेहूं के ढेर लगे हुए हैं।

### किसान छात्र एकता संगठन ने सौंपा वीसी को ज्ञापन

**जींद।** किसान छात्र एकता संगठन ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में वीसी के ओएसडी डा. विजय सैनी को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मांग उठाई कि नवनिर्मित डॉक्टर बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी में क्रांतिकारी, वैचारिक, आध्यात्मिक, आंदोलनात्मक एवं आत्म विकास से संबंधित साहित्य को विशेष प्राथमिकता दी जाए तथा ऐसे साहित्य की अधिक से अधिक पुस्तकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही इन पुस्तकों के लिए लाइब्रेरी में एक पृथक अनुभाग स्थापित करने की मांग रखी गई।

### स्व. चतरभुज की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर कल

**उचाना।** 11 अप्रैल को कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में समाज सेवी स्व. चतरभुज अत्री की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। योगेश कसूहन ने बताया कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री शिविर का शुभारंभ करेंगे। हर बार स्व. चतरभुज अत्री की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर सहित विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते है। अपने जीवनकाल के दौरान वो निरंतर समाज सेवा में अग्रिण रहते थे। जितनी हो सकती थी वो जरूरतमंदों की मदद करते थे।

### सद्भाव यात्रा का हो रहा जोरदार स्वागत : हरेंद्र

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि सदभाव यात्रा का अंतिम चरण चल रहा है। नरवाना हलके के दनौदा गांव के ऐतिहासिक चबूतरे से सदभाव का संदेश लेकर प्रदेश के लिए कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह निकले थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यात्रा चल रही है। हर हलके में जोरदार स्वागत यात्रा का हो रहा है। बृजेंद्र सिंह को सुनने उनसे मिलने के लिए लोगों में उत्साह है जो इस यात्रा की सफलता को साबित करता है। यात्रा से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल रही है। जो कांग्रेस कार्यकर्ता निराश होकर घरों में बैठ गए थे इस यात्रा ने उनके अंदर नया जोश पैदा किया है।

### मेगा स्वास्थ्य कैंप कापड़ो में 12 को

**उचाना।** बाबा फुल्ले साध गौशाला कापड़ो में 12 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन होगा। समिति संरक्षक गिरिश जैन ने बताया कि गौशाला में इस तरह के कैंपों का आयोजन समय-समय पर किया जाता रहता है ताकि लोगों को इसका लाभ मिले। स्वास्थ्य कैंप के अंदर नेत्र, बीपी, शुगर, दांतों, सामान्य रोग, महिला स्वास्थ्य संबंधित जांच होगी। कैंप में डॉ. अनिल जैन, डॉ. मीनाक्षी जैन, डॉ. आशीष सिंगला, डॉ. सुनीता गोयल, डॉ. बानिश गर्ग, डॉ. रचित, डॉ. ऋषभ, डॉ. सुरेश गुप्ता, डॉ. अनिल गुप्ता पहुंचेंगे।

### राजकीय पीजी कॉलेज में पुस्तक विमोचन समारोह

**जींद।** राजकीय पीजी कालेज में वाणिज्य विषय की दो महत्वपूर्ण पुस्तकों विज्ञापन एवं व्यक्तिगत विक्रय तथा कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग एवं प्रथाएं का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। विज्ञापन एवं व्यक्तिगत विक्रय पुस्तक बीकॉम, छठे सेमेस्टर (चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय) के विद्यार्थियों हेतु तथा कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग एवं प्रथाएं पुस्तक कुविवि एवं चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद के एमकॉम, चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है।

---

### डिप्टी स्पीकर ने अपने आवास पर जनता दरबार लगा सुनीं समस्याएं

# सरकार का उद्देश्य पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना: मिड्ढा

### संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के दिए निर्देश

**बड़ी संख्या में फरियादी समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे**



अपने आवास पर शिकायतें सुनते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि नायब सरकार का मुख्य उद्देश्य अंत्योदय की भावना के साथ कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सरकार निरंतर प्रयासरत है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को अपने आवास पर जनता दरबार का आयोजन कर आमजन की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें लेकर पहुंचे। डिप्टी स्पीकर ने एक-एक व्यक्ति की बात ध्यानपूर्वक सुनते संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर गरीब जरूरतमंद और पात्र व्यक्तियों तक सीधे लाभ पहुंचाना है। बताया कि वर्तमान सरकार ने शासन प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं को व्यापक रूप से ऑनलाइन किया है। उन्होंने आगे कहा कि पहले के समय में लोगों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते थे। जिससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती थी लेकिन अब डिजिटल सेवाओं के विस्तार के कारण अधिकतर सरकारी प्रक्रियाएं सरलए पारदर्शी और सुलभ हो गई हैं। आमजन अब घर बैठे ही विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं और उनकी स्थिति की जानकारी भी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। जबकि शेष मामलों को निर्धारित समय सीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए।



जींद। फसल खरीद का जाजया लेते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

### गेहूं का एमएसपी पर खरीदा जाएगा एक-एक दाना

**जींद।** हरियाणा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में फसल खरीद प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडियों के अंदर किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। डिप्टी स्पीकर ने गुरूवार को नई अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। कहा कि सरकार किसानों की मेहनत की पूरी कद्र करती है और उनकी गेहूं की फसल का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना और उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना है ताकि कृषि क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। किसानों से अपील की कि वे बिना किसी चिंता के अपनी फसल मंडियों में लेकर आएं। क्योंकि सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनकी फसल खरीद सुनिश्चित कर रही है। एडीसी प्रदीप कुमार, एसडीएम सत्यवान सिंह मान, मार्केट कमेटी चेयरमैन मनीष उर्फ बबलू आदि मौजूद रहे।

---



जुलाना। मंडी में गेहूं की फसल लेकर पहुंचे मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा।

### किसानों को नहीं आने दी जाएगी परेशानी : चेयरमैन

**जुलाना।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गेहूं की खरीद को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। गेहूं की आवक आने शुरू हो गई है लेकिन अभी तक सभी मंडियों में पूरी तरह से व्यवस्था लागू नही हो पाई है। जानकारी के अनुसार नई अनाज मंडी में गेहूं की खरीद प्रक्रिया को लेकर मार्केट कमेटी द्वारा तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में मार्केट कमेटी चेयरमैन मीनू शर्मा खुद गेहूं से भरी ट्रैक्टर व ट्राली लेकर गेट पास बनवाने के लिए मंडी पहुंचे। चेयरमैन मीनू शर्मा ने कहा कि उन्होंने खुद ट्रैक्टर ट्रॉली लाकर यह देखने का प्रयास किया कि गेट पास बनाने की प्रक्रिया में कितना समय लगता है और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही। उन्होंने बताया कि मात्र पांच मिनट में गेट पास तैयार हो गया और कर्मचारियों ने ट्रैक्टर ट्रॉली को गेट पास जारी कर दिया। चेयरमैन ने कहा कि गेहूं की खरीद को लेकर पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूरज और सुकांत की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख विषयों में जेंडर डिबेट, डिमॉनेटाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोजगार, विश्व युद्धों के प्रभाव तथा कच्चे तेल पर निर्भरता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते वाद-विवाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। बताया कि डिबेट विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, तार्किक क्षमता तथा विचार अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं व्यावहारिक जीवन में डिबेट की अनिवार्यता और महत्व के बारे में भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी सूरज और सुकांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अखिल और अंकुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि एमए अंतिम वर्ष की छात्राएं अंजू और काजल तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका नूतन, मोनिका एवं सुनीता ने निभाई। मंच संचालन ज्योति एवं दीपिका द्वारा किया गया।



जींद। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



नगूरां गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी अनिल बाला चहल व बिजेंद्र सिंह ने की तथा मुख्य रूप से उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने भाग लिया। मंच संचालन प्रवक्ता विनिता दुहन व सुखविंद्र ने किया। इस दौरान स्कूल में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढना चाहिए। विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और यहां के विद्यार्थी भविष्य में देश का नाम रोशन करेगें। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को विधायक ने सम्मानित किया। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य बिजेंद्र सिंह, भाजपा की वरिष्ठ नेता गोस्वामी नीरज देवी, ब्लाक समिति चेयरमेन राहुल, मार्केट कमेटी अलेवा के उप चेयरमेन शमशेर नगूरां, बैकवर्ड प्रधान धर्मबीर सैन, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, शाहपुर गांव के सरपंच जयपाल, जितेंद्र शर्मा, सतपाल पेगां, बिमला अलेवा के अलावा एबीआरसी अशोक कुमार समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

## माई भारत बजट क्विज 2026 के फाइनल राउंड में पहुंचे जुलाना के अजय कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के प्रतिभाशाली युवा अजय शर्मा का चयन माई भारत बजट क्विज के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अजय शर्मा ने बताया कि देशभर से लाखों प्रतिभागियों के बीच फाइनल राउंड तक पहुंचना उनके लिए बेहद गर्व और प्रेरणा का विषय है।

उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय जुलाना ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक मोनू लाठर करसोला को दिया। अजय शर्मा ने कहा कि मोनू लाठर ने उन्हें समय-समय पर पूरा सहयोग दिया तथा प्रतियोगिता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां लगातार उपलब्ध करवाईं। उन्होंने कहा कि सही समय पर मार्गदर्शन, अपडेट और सहयोग मिलने से उन्हें इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिला। अजय शर्मा ने आगे कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वे आगे भी इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करते हुए फाइनल राउंड में भी अपनी छाप छोड़ेंगे और बेहतर परिणाम हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नही बल्कि पूरे क्षेत्र और युवाओं के लिए प्रेरणा का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल संवाद का अवसर मिलना अपने आप में एक बहुत बड़ा सम्मान है।

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं, अफसरों को दिए सख्त निर्देश

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निपटान सुनिश्चित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। वीसी में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन से जुड़ी सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, सीवर, बिजली एवं सड़क से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उसका निपटान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को बार.बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। डीसी वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। अहम पहलू हैं कि चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जुड़े और आवश्यक निर्देश दिए कहा कि आमजन से जुड़ी सभी समस्या का भी समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी शिकायत का समाधान जिला स्तर पर संभव नहीं है तो उसे बिना देरी उच्च स्तर पर भेजा जाए।

सभी शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निपटान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि समाधान शिविर जनसेवा का सशक्त माध्यम है। जिनका उद्देश्य सरकारी सेवाओं में आने वाली बाधाओं को दूर कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैंए जिनमें बिजलीए पानीए परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे निर्धारित दिनों में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं।

---

## खबर संक्षेप

### गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाने का आह्वान किया

**जींद।** गांव निडाना में शुगर मिल द्वारा आयोजित गन्ना किसान गोष्ठी उत्साह और जागरूकता से भरपूर रही। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शुगर मिल के एमडी गुलजार मलिक ने कीए जिनके नेतृत्व में किसानों को गन्ने की खेती से जुड़ी अहम जानकारियां दी गईं। गोष्ठी में जैविक खेती विशेषज्ञ यशपाल मलिक, डा. सुभाष, गन्ना प्रबंधक अमरीका भार्गव सहित अन्य विशेषज्ञों ने किसानों को गन्ने की उन्नत किस्मों, उनकी पैदावार बढ़ाने के तरीके और विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। शुगर मिल के एमडी गुलजार मलिक अपने संबोधन में बताया कि राज्य सरकार गन्ना उत्पादक किसानों के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। उन्होंने किसानों को प्रेरित करते हुए गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाने का आह्वान किया। ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। क

### एनटीएसई परीक्षा के विजेताओं को किया सम्मानित

**उचाना।** श्री शिव मंदिर सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कला में एनटीएसई की परीक्षा का आयोजन 30 जनवरी को हुआ था। इसका परिणाम अब जारी हुआ। ये परीक्षा प्रांत स्तर पर आयोजित की जाती है। प्रतियोगिता में 240 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया। 211 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को 3100, 2100 एवं 1100 रुपए पुरस्कार के रूप में दिए गए। प्रथम स्थान स्नेहा पुत्री अमरजीत, मिशा पुत्री अजीत पाल, सिमरन पुत्री परमिल कुमार कक्षा नौवीं ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पावनी पुत्री श्याम सुंदर कक्षा नौवीं ने प्राप्त किया तो तृतीय स्थान पर सोनल पुत्री पवन, विरेन पुत्र कुलदीप कक्षा आठवीं रहे। 28 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार के तौर पर 500-500 रुपए की राशि दी गई। प्राचार्य रणधीर सिंह ने मेधावी एवं इंचार्ज राकेश रानी को इस उपलब्धि पर बधाई दी।

### बैरागी भूपेश जैन की जैन भगवती साधक दीक्षा 19 को

**उचान।** आगम ज्ञाता अरूण चंद्र महाराज के सान्निध्य में बठिंडा (पंजाब) में 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया वाले दिन बैरागी भूपेश जैन की जैन भगवती साधक दीक्षा होगी। इस दीक्षा कार्यक्रम में उचाना ही नहीं बल्कि पूरे जींद जिले से गुरू सेवक पहुंचेंगे। गुरू अरूण चंद्र महाराज नव वर्ष पर उचाना थे। क्षेत्र में धर्म की अलख जगाने का काम किया था। कुछ दिन के उनके उचाना ठहराव से ही लोगों का उनसे जुड़ाव हो गया। अब उनके सान्निध्य में होने वाले भगवती साधक दीक्षा में उचाना से लोग पहुंचेंगे। नपा चेयरमैन विकास काला, सुभाष कापड़ो ने बताया कि भूपेश जैन गिदडवाहा मंडी के ओसवाल परिवार से है। परिवार छोड़कर जिन शासन के अंदर प्रवेश पा रहे हैं। घर छोड़कर हर कोई धर्म के मार्ग पर नहीं चल पाता है। बड़ा कठिन है घर को छोड़ना। दीक्षा कार्यक्रम में पहुंच कर अरुणचंद्र महाराज जन्म भूमि आने का सौभाग्य श्रद्धालुओं को मिलेगा। अरूण चंद्र महाराज की सांसारिक दयावती जैन के दर्शन करने का लाभ भी श्रद्धालु ले सकेंगे। भगवती साधक दीक्षा के बारे में श्रद्धालुओं को विस्तार से अरूण चंद्र महाराज बताएंगे।

### मध्यस्थता से हो लंबित मामलों का समाधानः मोनिका

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जींद के सभागार में अधिवक्ताओं व निपुण मध्यस्तों की गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने उपस्थितजनों से अपील की लंबित मामलों का समाधान अधिक से अधिक मध्यस्थता के माध्यम से किया जाए। जिससे पक्षधरों का समय और पैसा बच सके और आपसी सद्भाव बना रहे। प्राधिकरण सचिव मोनिका ने तारीख पर तारीख के अंतिम चक्र और बढ़ते कानूनी खर्च से जूझ रहे आम नागरिकों के लिए मेडिएशन 2.0 यानी मेडिएशन फॉर द नेशन अभियान एक बड़ी राहत बनकर उभरा है।

### जीवन के हर पड़ाव पर मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता सिविल हॉस्पिटल जींद से एटीएफ परामर्शदाता प्रवीण कुमारी ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्रवीण कुमारी ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि जीवन के हर पड़ाव पर मानसिक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मानसिक स्वास्थ्य स्थिति को समझना और उनका दैनिक जीवन पर प्रभाव को पहचानना तथा विभिन्न चुनौतियों को समझने में मदद करता है। यह हमारे विचार भावनाओं और व्यवहार को निर्धारित करता है। मानसिक स्वास्थ्य के भावनात्मक संतुलन, तनाव प्रबंधन, आत्म जागरूकता आदि विभिन्न पहलू होते हैं। प्रवीण कुमारी द्वारा कार्यशाला में छात्राओ की काउंसलिंग भी की गई।

### किसान विपक्ष के बहकावे में न आएंः चेयरमैन

**उचाना।** हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने गेहूं की खरीद को शुरू करवाया। 12 प्रतिशत तक नमी वाली गेहूं की खरीद एजेंसी द्वारा की जाती है। यहां पर जो नए नियम गेहूं की खरीद को लेकर बनाए गए है उनको प्रबंधों के बारे में भी जानकारी ली। चेयरमैन ने कहा कि आज नए गेहूं के नियमों को लेकर विपक्ष किसानों को गुमराह कर रहा है। किसान किसी तरह से विपक्ष के बहकावे में नहीं आएंगे। खरीद को लेकर पुख्ता प्रबंध है। जो नए नियम बनाए गए उससे किसी तरह की परेशानी आढ़ती, किसान को नहीं है। नियमानुसार जो भी गेहूं की ढेरी है उसकी खरीद की जा रही है। अधिक से अधिक प्वाइंट हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी, पुरानी मंडी में बनाए गए है। ऐसे ही सब यार्ड छात्तर, परचेज सेंटरों में प्वाइंट बनाए गए है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के साथ आज कांग्रेस के विधायक ही नहीं है ये सभी ने राज्यसभा चुनाव में देख लिया है। जब विधायक ही खुद की पार्टी के साथ नहीं है तो प्रदेश के मतदाता कैसे उनके साथ होंगे। मतदाता इस बात को जान चुका है कि सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना का विकास संभव है।

### गेहूं खरीद के नए नियम पूरी तरह किसान हितैषी

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल अध्यक्ष संजय चहल ने कहा कि सरकार द्वारा बनाई गई व्यवस्था पूरी तरह किसान हित में है और इससे किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गेहूं सीजन के दौरान किसान को गेट पास लेने, ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने और अन्य नियमों का पालन करने में मात्र 3 से 5 मिनट का समय लग रहा है। इस प्रक्रिया को इतना सरल बनाया गया है कि किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा। किसान अब समझदार हो चुका है और वह किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार में नहीं आने वाला। नायब सैनी सरकार लगातार किसानों के हित में फैसले ले रही है और मंडियों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ता किसानों को जागरूक कर रहे हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी, विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के नेतृत्व की सराहना करते कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में किसानों के हित में में कार्य प्रदेश, उचाना में किए जा रहे हैं। सरकार की प्राथमिकता किसानों को समय पर भुगतान, पारदर्शी व्यवस्था और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिल रही है और किसान वर्ग खुद को सुरक्षित व सशक्त महसूस कर रहा है।

### पहले की तरह हो गेहूं की खरीद : विकास श्योकंद

**उचाना।** जेजेपी युवा प्रदेश सचिव विकास श्योकंद ने कहा कि जो गेहूं की खरीद को लेकर नए नियम भाजपा सरकार ने बनाए है उससे किसानों की परेशानी बढ़ रही है। सरकार को चाहिए कि इन नियमों को तुरंत प्रभाव से रद्द करते हुए पहले की तरह ही गेहूं की खरीद करें। आज किसान बायोमेट्रिक, गेट पास कटवाने के चक्कर में उलझ रहा है। गेहूं के सीजन में किसान सोचता है कि वो जल्दी से जल्दी मंडी में गेहूं उतार कर खेत में पहुंचे। अब गेहूं की आवक बढ़ रही है तो किसान की परेशानी बढ़ रही है। किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर भाजपा का कोई ध्यान नहीं है। मंडियों के दौरे तो भाजपा मंत्री, विधायक, पदाधिकारी कर रहे है। ये सिर्फ फोटो खिंचवा कर चले जाते है लेकिन जो समस्याएं आ रही है उसके समाधान के लिए कुछ नहीं करते है। आज किसानों को पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की याद आने लगी है जब वो डिप्टी सीएम थे तो किसान की फसल मंडी में आते ही कुछ मिनटों में बिक जाती थी।

### कर्मचारी यूनियन ने दो दिन और बढ़ाई हड़ताल

**जींद।** नपा कर्मचारी संघ के आह्वान पर हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हड़ताल को दो दिन और आगे बढ़ा दिया है। कर्मचारियों ने कहा कि वीरवार को कर्मचारियों की मंत्री विपुल गोयल के साथ बैठक हुई थी। उन्होंने कहा कि वार्ता में कर्मचारियों की बातों पर सहमति नहीं हो पाई। इस कारण कर्मचारियों ने हड़ताल को 11 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। वहीं 12 अप्रैल को नगर पालिका कर्मचारी संघ राज्य कमेटी और दमकल कर्मचारी रोहतक में बैठक करेंगे। इसके बाद हो सकता है कि सफाई कर्मचारी भी हड़ताल पर जा सकते हैं। अग्निशमन विभाग के जिला प्रधान सुनील कुंडू व नगर पालिका को जिला प्रधान सोहन लाल ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते उन्हें मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि फरीदाबाद में जान गंवाने वाले फायरमैन रणबीर सिंह व भवीचंद को शहीद का दर्जा दिया जाए व उनके परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाए। इसके अलावा उनकी प्रमुख मांगों में स्थायीकरण, न्यूनतम वेतन 50 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने, ट्रांसफर पालिसी को स्पष्ट व पारदर्शी बनाने, एसीपी व अन्य दीर्घकालिक लाभ लागू करने की मांग शामिल हैं।

## डीसी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक में विस्तृत समीक्षा कर दिए निर्देश

# रजिस्ट्री के लिए पांच दिन से ज्यादा लंबित न हो आवेदन : अपराजिता

पेपरलेस रजिस्ट्री एवं इंतकाल व अन्य लंबित सभी कार्य समय पर निपटाएं अधिकारी

- किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

डीसी अपराजिता ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, निशानदेही, इंतकाल और ततीमा मामलों की लंबित कार्या की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी लंबित आवेदनों का तय समय में निपटान सुनिश्चित करें। प्रत्येक तहसील में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन से संबंधित पांच दिन से अधिक की लंबित को शून्य की जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इससे पूर्व राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की आयुक्त सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने राजस्व कार्यों में तेजी लाने और लंबित मामलों के शीघ्र निपटान पर विशेष जोर दिया।

डीसी अपराजिता ने पेपरलेस रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देने के लिए सभी तहसीलों में हेल्प डेस्क को पूर्ण रूप से सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा डैशबोर्ड के माध्यम से लंबित आवेदनों की लगातार निगरानी की जा रही है, इसलिए कार्यों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी।

इसी प्रकार निशानदेही कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि 25 तारीख तक लंबित मामलों में सुधार सुनिश्चित किया जाए। वहीं इंतकाल के लंबित मामलों का बैकलॉग जल्द समाप्त करने के लिए आवश्यक होने पर शनिवार और रविवार को कैंप लगाएं। निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट तैयार कर साझा करने के निर्देश भी दिए।


उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े कार्यों में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी प्रक्रियाएं पारदर्शिता व समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं, ताकि लोगों को कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इसके अलावा डीसी ने पेंडेंसी ऑफ टोकन, एग्रीस्टैक रजिस्ट्रेशन, डिजिटल क्रॉप सर्वे से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाए निपटारा : उपायुक्त

**सीएम नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए आवश्यक निर्देश**

कैथल। डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निपटारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीसी अपराजिता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुन रही थीं। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से समाधान शिविरों में उपस्थित रहें तथा आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का सरकार और प्रशासन पर विश्वास ओर मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के लिए लोगों को बार-बार चक्कर न काटने पड़ें। इसके बाद डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर सरकार के सुशासन के संकल्प को जमीनी स्तर पर लागू करने का एक प्रभावी माध्यम है। सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाधान हो और उसकी गुणवत्तापूर्ण एटीआर पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि शिकायत दोबारा लंबित न रहे। ज्यादा पुरानी शिकायतों पर फोकस करके, उनका जल्द निपटान सुनिश्चित करें। डीसी अपराजिता ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन सहित अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे निर्धारित दिनों में शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं। इस अवसर एसपी मनप्रीत सिंह, एडीसी सुशील कुमार, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम संजय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


कैथल। डीसी अपराजिता लोगों की समस्याएं सुनते हुए।


विधायक रामपाल माजरा पत्रकारों को जानकारी देते हुए फोटो : हरिभूमि

## मंडी ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आएंगे बायोमेट्रिक का करेंगे विरोध

- 12 अप्रैल को मंडी में रामपाल माजरा खुद मार्किट कमेटी के कार्यालय तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि बीजेपी पार्टी शुरू से ही किसान, मजूदर और कमेरा विरोधी रही है। अब गेहूं खरीद में तुगलकी फैसले लागू कर दिए हैं। किसानों के लिए गेहूं बेचना जी का जंजाल बन गया है। पहले मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पोर्टल करवाना, ट्रैक्टर के ऊपर नंबर लगाना, गेट पास कटवाने से पहले ट्रेक्टर-ट्राली के पास खड़ा होकर फोटो खिंचवाना और किसान की बायोमेट्रिक हाजिरी लगाना अनिवार्य कर गेहूं खरीद को जटिल बना दिया है। रामपाल माजरा अपने सेक्टर-20 के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इंडियन नैशनल लोकदल इसका कड़ा विरोध करेगी। 12 अप्रैल को कैथल की नई अनाज मंडी में इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला, पूर्व मंत्री संपत्त सिंह और रामपाल माजरा खुद ट्रेक्टर लेकर बेरिकेड तोड़ते हुए मंडी जाएंगे, देखते हैं कौन उन्हें रोकेगा। इनेलो पार्टी किसान की गेहूं खरीद में बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने का विरोध कर रही है, इसमें इनेलो के कार्यकर्ता, किसान और मजदूर भी शामिल होंगे। इनेलो पूरे समर्पण भाव से प्रयासरत है कि गेहूं खरीद में बायोमेट्रिक जैसी बेमतलब शर्त को हटवा कर किसानों को राहत दिलाई जाएगी।

### धान खरीद में पांच हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया गया

धान खरीद में प्रदेश में पांच हजार करोड़ का घोटाला किया। फर्जी तौर पर गेट पास काटे गए, न मंडी में धान आया, फर्जी वाहनों की एंट्री दिखाई गई। इसमें सीधा सरकार के लोग शामिल रहे। करनाल में 25 के करीब अधिकारी और कर्मचारियों को गिरफ्तार भी किया। यमुनानगर में भी कुछ अधिकारियों को पकड़ा गया, करनाल डीसी कार्यालय से धान घोटाले की फाइल गायब कर दी। धान घोटाले में सरकार के लोग मिले हुए थे, इसे अब दबाने की कोशिश हो रही है। हरियाणा के पंचकूला में एक निजी बैंक में 160 करोड़ रुपये के घोटाला हुआ, अब इसे दबाने का काम किया जा रहा है।

### चोरों ने दुकान से हजारों के मोबाइल चुराए

कैथल। कस्बा ढांड से चोर एक मोबाइल की दुकान से हजारों रुपए के मोबाइल फोन चुरा कर ले गए। कस्बा ढांड के कश्मीरा ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कस्बा ढांड में भी मोबाइल शॉप के नाम से मोबाइल की दुकान करता है। आरोप है कि 7 अप्रैल की रात को चोर उसकी दुकान का ताला तोड़ते हुए दुकान में घुसे तथा वहां पर रखे 8 मोबाइल तथा 5 बाक्स डिस्प्ले व अन्य सामान चुरा कर ले गए। सब इंस्पेक्टर गगनदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### प्लाट निकालने का लालच देकर 56000 ठगे

कैथल: थाना कलायत पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्लाट निकालने का लालच देकर 56000 ठगने का मामला प्रकाश में आया है। गांव सजूमा के बलिंदर ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मार्च 2025 में संदीप ने उसे कहा कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसका प्लांट निकलवा देगा। इस प्रकार से उसे अपने झांसे में लेकर उसे 56000 की राशि ले ली लेकिन बाद में योजना के तहत उसका प्लांट नहीं निकाला। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### नशामुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ भिवानी के स्काउट्स पहुंचे कैथल

कैथल। नशामुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला भिवानी के चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप द्वारा निकाली जा रही प्रदेश स्तरीय जन जागरूकता रैली वीरवार को हिसार व हांसी होते हुए कैथल पहुंची। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशामुक्त प्रदेश के विजन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही इस रैली का कैथल पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। डीसी अपराजिता तथा पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए टीम को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

## दो मामलों में तीन नशा तस्कर किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एंटी नारकोटिक सैल द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 3 नशा तस्करों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 4 किलो 125 ग्राम चुरा पोस्त, 7.24 ग्राम हेरेइन (चिट्टा) बरामद करके नशा तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी जब्त की गई हैं।

डीएसपी रोहताश ने बताया की पहले मामले में एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान ढांड रोड़ कैथल पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि एक स्विफ्ट डिजायर कार में दो युवक नशीला पदार्थ चूरा पोस्त लेकर कोर्ट रोड़ कैथल के पास खड़े हैं। जिन्हे दबिश देकर काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत रेडिंग पार्टी गठित कर उक्त स्थान पर पर पहुंचकर संदिग्ध कार को घेर लिया और उसमें बैठे दोनों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में युवकों की पहचान गांव क्योड़क निवासी रिंकू उर्फ काला तथा आर्यन के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंची ईटीओ कंचन पांड्या के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान गाड़ी की सीट के नीचे से एक सफेद पॉलिथीन बरामद से 4 किलो 215 ग्राम नशीला पदार्थ चुरापोस्त बरामद हुआ। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज करके दोनो आरोपियों को एसआई बलराज द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

दूसरे मामले में एंटी नारकोटिक सेल के एएसआई रोहताश की टीम अपराध की रोकथाम हेतु गश्त पर थी। इसी दौरान महाराणा प्रताप चौंक राजौंद के पास एक विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड नं 4 राजौंद निवासी विशाल हेरोइन (चिट्टा) का नशा करने व बेचने का कार्य करता है।

### सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाएं जरूरत पड़ने पर सहयोग के लिए रहें तैयार

कैथल। जिले की सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम संजय कुमार ने भविष्य मे किसी भी जरूरत की स्थिति मे धार्मिक और सामाजिक संगठनों से अपील की गई कि वे जरूरत पड़ने पर हर सहयोग करने और लोगों को जागरूक करने के लिए तैयार रहें। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

### मुख्य नालों की सफाई के लिए नपा पूंडरी का विशेष अभियान जारी

पूंडरी। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नगर पालिका पूंडरी द्वारा शहर के मुख्य नालों की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन के माध्यम से निरंतर चलाया जा रहा है। यह अभियान विशेष रूप से बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। यह अभियान सरकार के दिशा-निर्देशों व नगरपालिका पूंडरी के सचिव मोहनलाल के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, ताकि आगामी वर्षा ऋतु से पहले शहर के मुख्य नालों को पूर्ण रूप से साफ किया जा सके और पानी की निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे। सफाई कार्य के दौरान नालों में जमा गाद, कचरा व अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को बेहतर बनाया जा रहा है। सफाई के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्य की निगरानी भी की जा रही है।

## आरकेएसडी महाविद्यालय में सांस्कृतिक विधाओं का पारितोषिक वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित पारितोषिक एवं मेरिट सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्रधान अश्वनी शोरेवाला, श्याम बंसल, सुनील चौधरी एवं प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने वर्षभर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार राशि, मोमेंटो एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए। प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने अपने स्वागत भाषण में प्रबंधक समिति के सहयोग तथा विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विद्यार्थी सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे। प्रधान अश्वनी शोरेवाला ने सांस्कृतिक टीम के संयोजक डॉ. अशोक अत्री, सह-संयोजिका प्रो. ऋचा लांग्यान एवं डॉ. राजीव शर्मा सहित सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सह-संयोजिका प्रो. ऋचा लांग्यान ने बताया कि महाविद्यालय ने जोनल यूथ फेस्टिवल तथा नीलम विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव में लगातार दूसरे वर्ष भी विजेता रहा।

## जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल को दिया 52 सीटर बसों का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



जाट हाई स्कूल सोसाइटी ने जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल परिसर में नए शैक्षणिक सत्र के मौके पर छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दो नई 52-सीटर बसें (नंबर 6 और 7) का औपचारिक उद्घाटन किया। सोसाइटी के माननीय प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने रिबन काटकर बसों का उद्घाटन किया, जबकि कक्षा 12वीं की मेधावी छात्राओं राशि एवं रिया ने बसों पर तिलक लगाकर शुभारंभ में सहभागिता की। ये बसें जीपीएस, सीसीटीवी, स्पीड गवर्नर और अन्य आधुनिक सुरक्षा उपकरणों से लैस हैं, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार छात्रों को सुरक्षित और समय पर परिवहन देंगी। सोसाइटी के इस तोहफे से छात्र खुश नजर आए, जबकि अभिभावकों के चेहरों पर संतुष्टि दिखी। स्कूल प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने कहा, ये बसें छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी और उन्हें बेहतर शिक्षा के अवसर देंगी। हम छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बनीवाल ने हा, छात्रों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।

### प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. की नई कार्यकारिणी का गठन

राजौंद। ग्रेस होटल, कैथल में प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन, कैथल की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिला प्रधान प्रदीप कसान ने की। इस अवसर पर संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से नई गवर्निंग बॉडी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राजेश मुंजाल को चेयरमैन नियुक्त किया गया, जबकि बलिंदर संधू, परमानंद गोयल, संजीव शर्मा एवं अतुल शर्मा को चीफ पैटर्न की जिम्मेदारी सौंपी गई। महासचिव के रूप में सत्यजीत सैनी, वाइस प्रेसिडेंट अरविंद कुमार, संयुक्त सचिव श्रवण कुमार शर्मा तथा कोषाध्यक्ष के रूप में शुभम शर्मा को नियुक्त किया गया। इसके अलावा आलोक वासुराय को विधिक सलाहकार एवं राममेहर सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया। कार्यकारिणी में सुभाष भाणा, राकेश भारद्वाज, सुभाष राणा, रामपाल ढुल, अशोक अरोड़ा, राजकुमार जैन, अजीत चहल एवं प्रोफेसर रणधीर सिंह (चीका) को शामिल किया गया।



कैथल। विधायक आदित्य सुरजेवाला बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए ।

### कैथल से बाबा खाटू श्याम धाम एवं श्री बालाजी सालासर धाम के लिए नि:शुल्क बस सेवा रवाना

कैथल। कैथल विधानसभा क्षेत्र के श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के पावन तीर्थों के दर्शन कराने की प्रक्रिया को जारी रखते हुए विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज एक बार फिर नि:शुल्क बस सेवा का आयोजन किया। इस सेवा के तहत कैथल की रजनी कॉलोनी, अमरगढ़ गामड़ी, भगत सिंह कॉलोनी, बैंक कॉलोनी, अशोका गार्डन, मॉडल टाऊन, ऋषि नगर, प्रताप गेट, चन्दाना गेट, पंसारिया मोहल्ला, लाल पौ से श्रद्धालु सुबह-सुबह कैथल के किसान भवन से रवाना हुए और बाबा श्री खाटू श्याम धाम तथा श्री बालाजी सालासर धाम पहुंचकर अपने आराध्य देव के दर्शन करने जा रहे हैं।

बस को हरी झंडी दिखाने के लिए विधायक आदित्य सुरजेवाला विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कैथल के लोगों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है। किसी भी श्रद्धालु को पैसे की कमी या किसी अन्य कारण से बाबा के दर्शन से वंचित नहीं रहना पड़ेगा, यह नि:शुल्क बस सेवा इन यात्रियों के लिए बहुत ही अच्छी पहल है, जो लगातार हर महीने जारी रहेगी। कैथल हल्के के लोगों की सेवा में हम सदैव अग्रसर हैं। उनका प्यार, स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन ही हमारी असली ताकत है। यात्रा पर जा रहे श्रद्धालु सुनीता देवी, ज्योति, बलजीत कौर, सुमन, मीनू देवी, प्रोमिला, संगीता, चंद्रकांता एल, अंजू गिल, शिवानी, मीनाक्षी कंसल, परमिंद्र, पंकज गुलाटी, ललिता रानी, सुमित्रा, श्याम लाल गोयल, आरती शर्मा, सारिका कपूर, कृष्ण शर्मा, नवीन ढाँडा, दयानंद सहित अन्य श्रद्धालुओं ने विधायक आदित्य सुरजेवाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सेवा कैथल के लोगों के प्रति विधायक आदित्य सुरजेवाला की सच्ची लगन और समर्पण का प्रतीक है।

**दरबार** सांसद ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं

# जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है : नवीन जिन्दल

- सभी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने वीरवार को अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र से आए लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

इस अवसर पर जिले के विभिन्न गांवों और शहरों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं और उनके शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। मुलाकात के दौरान सांसद नवीन जिन्दल ने हर व्यक्ति की बात को धैर्यपूर्वक सुना और समस्याओं की गहराई को समझने का प्रयास किया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की प्रशासनिक ढिलाई या लापरवाही बिल्कुल भी स्वीकार नहीं की जाएगी। सांसद ने अपनी टीम को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संबंधित विभागों से तत्काल संपर्क स्थापित कर प्रत्येक समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि हर विकास कार्य की नियमित प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी समस्या लंबित न रहे और लोगों को समय पर राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का वास्तविक दायित्व समस्याओं का प्रभावी और स्थायी समाधान करना है। इसी उद्देश्य के साथ वे लगातार क्षेत्र के लोगों के संपर्क में रहते हैं और उनकी जरूरतों को समझते हुए कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने में जुटे हुए हैं। वो क्षेत्र की जनसमस्याओं को दूर करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। सांसद नवीन जिन्दल द्वारा आरकेएसडी कॉलेज में इंटरनेशनल स्किल सेंटर जल्द ही आरंभ करवाया जा रहा है ताकि युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिलवाकर सशक्त किया जा सके।


कैथल। सांसद नवीन जिंदल अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### समस्याओं का समयबद्ध निदान

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी आम जन की समस्याओं को देर रात तक भी सुनते हैं। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है। हर रविवार सोमवार व वीरवार को समाधान शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निदान करवाया जा रहा है मुख्यमंत्री जी हरियाणा प्रदेश को देश में नंबर वन लाने के लिए बेहतरीन प्रयास कर रहे हैं।

### मंडी में 24546 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि जिला में विभिन्न एजेंसियों द्वारा बुधवार तक कुल 24 हजार 546 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिले में गेहूं की कुल आवक में से सात हजार 270 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा, 12 हजार 802 हैफेड द्वारा तथा 4 हजार 474 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोपरेशन द्वारा खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि चीका मंडी में 3732 मीट्रिक टन, चीका अतिरिक्त मंडी 6683 मीट्रिक टन, कैथल पुरानी मंडी में 585 मीट्रिक टन, कैथल नई अनाज मंडी में 3147 मीट्रिक टन, कैथल अतिरिक्त नई अनाज मंडी में 5395 मीट्रिक टन, कलायत अनाज मंडी में 3383 मीट्रिक टन, राजौंद अनाज मंडी में 1315 मीट्रिक टन, सीवन में 306 मीट्रिक टन गेहूं खरीद की गई।

**NOTICE**

I, Karampal S/o Suresh R/o Village Jajwan (1) Distt Jind declare That I am permanent resident of above said address VILLAGE JAJWAN (1) DISTT JIND. I want to change my son's name from JAI to JAI MOR. There is neither in any court case in any court nor any bank loan is pending against my minor son's old name. I will be solely responsible myself for any illegal activity, if any carried out by me after changing in my Minor son's name. My Wife Sonia has no objection for changing the name of our minor Son. This is certifited vide affidevte no 13603 dated 08.04.2026.

## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात मे युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव हाट से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हाट निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### दादा खेड़ा के दानपात्र से 15 हजार ले उड़े चोर

**जींद।** गांव बड़ौदा में बीती रात चोरों ने दादा खेड़ा के दानपात्र का ताला तोड़ कर लगभग 15 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बड़ौदा निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के दादा खेड़ा पर दानपात्र रखा गया है। बीती रात चोरों ने दान पात्र का ताला तोड़ कर उसमें से लगभग 15 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### सड़क के साइड में जमीन धंसी, राहगीर परेशान

**नरवाना।** नरवाना के रेलवे रोड हुड्डा मार्केट के पास अचानक सड़क के साइड में एक बहुत बड़ा गड्ढा हो जाने से एक राहगीर बाल बाल बचा। नरवाना के रेलवे रोड पर हुड्डा मार्केट के पास एक किताबों की दुकान है जहां वह व्यक्ति अपने बच्चों के लिए किताब खरीदने के लिए आया हुआ था। जैसे ही वह दुकान में प्रवेश करने के लिए आगे बढ़ता है तो बिल्कुल मेंन रोड के ऊपर उस व्यक्ति का एक पाव जमीन के ऊपर व एक नीचे जमीन में धंस गया।

### जेबकतरों ने एक व्यक्ति की जेब से नकदी उड़ाई

**कैथल।** कैथल के सरकारी अस्पताल से जेब कतरे एक व्यक्ति की जेब से 5100 की नकदी और आधार कार्ड चुरा कर ले गए। भगत सिंह कॉलोनी कैथल के जयकरण ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में बताया कि वह दवाई लेने के लिए कैथल के सरकारी अस्पताल आया था।

### मारपीट में एक घायल पुलिस से शिकायत

**कैथल।** थाना चीका पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। रत्ता खेडा धडाम के अमरजीत सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वह 3 अप्रैल को रात को करीब 8:00 बजे गांव से जा रहा था तो राजपाल और प्रेम सिंह ने उसे पर तेजधार हथियारों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। बाद में दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। हेड कांस्टेबल संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जमीन खरीद-फरोख्त के एक करोड़ 20 लाख ठगे

**कैथल।** कैथल में जमीन की खरीद फरोख्त के नाम पर एक करोड़ 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस बंद में दो महिलाओं से ही पांच व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव शेरगढ़ के संदीप सिंह ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में बताया कि वह जमीन लेना चाहता था। झांसे में लेकर उससे 1 करोड़ 20 लाख ठग लिए।

डिप्टी स्पीकर ने किसानों के धरने पर पहुंच जानी समस्याएं

# भाकियू का मंडी में धरना 11 को चक्का जाम का ऐलान

धरने पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा पहुंचे और किसानों से बातचीत की



जींद। धरना स्थल पर जाकर किसानों के बीच बैठे डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा समस्याओं पर बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय किसान यूनियन द्वारा किसान नेता छज्जू राम कंडेला, जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल, जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार के नेतृत्व में गुरूवार को धरना शुरू किया। धरने पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा पहुंचे और किसानों से बातचीत की। यहां भाकियू पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

धरने पर किसानों को संबोधित करते हुए छज्जू राम कंडेला, जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल, जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार ने कहा कि किसानों की फसल बिक्री पर सरकार द्वारा लगाई जा रही अनावश्यक शर्तों, बायोमीट्रिक, ट्रैक्टर नंबर प्लेट की अनिवार्यता समेत दूसरी शर्तों के विरोध में वीरवार से मंडी में धरना शुरू किया गया है। इसके बाद 11 अप्रैल को चार घंटे पूरे प्रदेश में चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नई अनाज मंडी में धरना तब तक जारी रहेगाए जब तक नए नियम वापस नहीं होते। छज्जूराम ने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानों पर जो काले कानून थौंपने का काम किया है, उसके विरोध में यह धरना शुरू किया गया है। प्रदेश भर में यह धरना चालू है। 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक रोड जाम किया जाएगा। यदि इस पर भी सरकार बाज नहीं आई तो पूरे किसान संगठन और संयुक्त मोर्चा मिलकर आगे का निर्णय लेगा। मुख्यमंत्री ने भी आश्वासन दिया था लेकिन उसे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। भाजपा का भी हरियाणा में यही हाल होगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सीएम नायब सैनी तक पहुंचा दिया जाएगा। सरकार किसानों को फसल खरीद को लेकर किसी भी तरीके से कोई परेशानी नही आने देगी।

#### नए-नए नियम बनाने का लगाया आरोप

छज्जू राम कंडेला ने कहा कि कैबिनेट मंत्री भी किसानों के साथ बड़ा मजाक करते हैं। सरकार नए-नए कानून लाकर किसान और मजदूर को तंग करने का काम कर रही है जो की ठीक नहीं है। हर बार फसल सीजन में इस तरह के कानून बनाए जाते हैं। जो पिछली सरकार थी भजन लाल, बंसी लाल, चौटाला सरकार वो भी किसानों को तंग करने की वजह से गई थी।

#### किसानों की समस्याओं को लेकर

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे। किसान नेताओं ने कहा कि बायोमेट्रिक बंद करवाई जाए। इस पर किसानों ने कहा कि ओटीपी से ही फसल खरीद की जाए। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि किसानों की हर बात को मुख्यमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार द्वारा किसानों को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। अगर फिर भी आपकी जो समस्याएं है उन्हें भी दूर करने का काम किया जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने किसानों को कहा कि उनकी मांगे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास भिजवा दी जाएगी। किसी भी किसान को घबराने की कोई जरूरत नही

### माकपा ने मजदूरों पर लाठीचार्ज की निंदा की

**कैथल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव मंडल ने मानेसर, गुड़गांव में आंदोलनरत ठेका मजदूरों पर प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निन्दा की है। गौरतलब है कि चार-पांच दिनों से ऑटोमोबाइल और गारमेंट्स उद्योग के ठेका मजदूर वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। इस आंदोलन के चलते अंततः सरकार द्वारा न्यूनतम वेतन 15200 रुपए मासिक का नोटिफिकेशन आज 9 अप्रैल को जारी किया गया है। न्यूनतम वेतन में मामूली बढ़ोतरी को अपर्याप्त मानते हुए आंदोलनरत मजदूरों ने असंतोष प्रकट किया है।

### मर्यादा बिना गृहस्थ बड़ा न संन्यास

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने नरवाना रोड पर समिति के कार्यालय में गायत्री यज्ञ के बाद कहा कि संत कबीर ग्रहस्थी थे। एक बार दो युवक व युवती गृहस्थ बड़ा व सन्यास का भेद जानने के लिए उसके पास गए । उस समय संत कबीर उसके कच्चे घर के आंगन में धूप में ताना बुन रहे थे और उसकी पत्नी उसके निकट ही कीकर की छाव में सूत कात रही थी। संत कबीर ने उन्हें उसके निकट ही धूप में बैठने को कहा और उसकी पत्नी को सरसों का तेल का दीपक और मटके से ठंडा जल लाने को कहा। कुछ देर बाद ठंडा जल पिने के बाद वे युवक युवती चलने लगे स कबीर ने कहा समझे स ना कहने पर संत कबीर ने कहा मेरा आपको मेरे पास धूप में बिठाने का कारण यह था।

## न्यूज डायरी



### मैन्युफैक्चरर वेलफेयर के सतीश ढिल्लों बने प्रधान

**जींद।** मैन्युफैक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन की वार्षिक बैठक उत्सव होटल में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के अनेक उद्योगपतियों एवं एसोसिएशन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाना रहा जिस पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुरानी कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अपना इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए सतीश ढिल्लो को प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं आशीष सिंगला एवं मुकेश सिंगला को उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। राजेश सैनी को सचिव तथा राजकुमार वर्मा को कैशियर चुना गया। इसके अतिरिक्त संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए राजीव गोयल, राजेश सिंगला, राकेश कुमार, मनोज अग्रवाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।



### बेमौसमी बारिश और नीतियों से किसान परेशानः सुनील

**राजौंद।** कांग्रेस पार्टी के जिला उपप्रधान सुनील कुण्डू ने किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बेमौसमी बारिश और सरकारी नीतियों के चलते किसान वर्ग अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। मंडियों में अव्यवस्था का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक प्रणाली के चलते किसानों को लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी बढ़ रही है। सुनील कुण्डू ने कहा कि खेतों में खड़ी फसलों को बारिश से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन सरकार किसानों की सुध लेने में विफल रही है। इस मौके पर बुधराज शर्मा, हरपाल सिंह, राजपाल, राजू, बीरबल, रामनिवास, सुरेंद्र व रामलाल आदि रहे।



### भट्ठा मजदूर ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्र

**कैथल।** भट्ठा मजदूरों की मीटिंग संपन्न मजदूरी रेट में हुई बढ़ोतरी लाल झंडा भट्ठा मजदूर यूनियन की मीटिंग हनुमान वाटिका में यूनियन नेता चांदीराम तारागढ़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन यूनियन जिला सचिव नरेश कुमार रोहेड़ा ने किया।जानकारी में बताया लंबे समय से मजदूरी बढ़ोतरी की मांग कर रहे भट्ठा मजदूरों के रेट बढ़ोतरी हुई। जिससे मजदूरों को इस महंगाई के दौर में थोड़ी राहत मिलेगी इसके अलावा अन्य मांगों पर बच्चों की पढ़ाई, इलाज,राशन वितरण प्रणाली के तहत सस्ता राशन आदि व अन्य मूलभूत सुविधाएंभट्ठा पर लागु करवाने के लिए उपमंडल अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को लिखकर भेज दिया इस पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जनवादी महिला समिति जिला सचिव रामकली जांगड़ा, रामपाल, दिनेशर, अजमेर सिंह आदि रहे।



### स्पेशल कोम्बिंग दौरान चार आरोपी किए गिरफ्तार

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार की सुबह एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ इंचार्ज एसआई मुकेश कुमार व थाना कलायत टीम द्वारा कलायत सैंसी बस्ती व गांव कैलरम व मटौर में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। वहीं एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार, थाना राजौंद प्रभारी एसआई सतपाल की टीमों द्वारा गांव मंडवाल तथा पूंडरी के गांव भाणा में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।

### मंडी में हुई 10 हजार 415 मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि गेहूं खरीद कार्य जोरों पर चल रहा है। सभी अधिकारी व कर्मचारी कार्य में कोई भी लापरवाही न बरतें। किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय की साफ-सफाई आदि निरंतर प्रदान की जाए। मंडियों में बुधवार तक 10 हजार 415 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि चीका मंडी में 3732 मीट्रिक टन तथा चीका की अतिरिक्त मंडी में 6683 मीट्रिक टन गेहू की खरीद गई है। चीका मंडी में हैफेड द्वारा 1641 मीट्रिक टन व खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2091 मीट्रिक टन, चीका की अतिरिक्त मंडी में हैफेड द्वारा 4012 मीट्रिक टन, खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा 2671 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### पीएनजी कनेक्शन वाले तीन माह के भीतर सरेंडर करें

**कैथल।** जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक वरिंद्र सिंह ने बताया कि जिले में (आईजीएल) द्वारा अब तक 11160 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध करवाए जा चुके हैं और उन्हें नियमित गैस आपूर्ति मिल रही है। एलपीजी के बजाय पीएनजी सस्ती, सुरक्षित और उपयोग में आसान है। इसलिए जिन उपभोक्ताओं ने पीएनजी कनेक्शन ले लिया है, वे जनहित एवं राष्ट्रहित में तीन माह के भीतर अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना सुनिश्चित करें।

### साइकिल चोरी करने के मामले में किया गिरफ्तार

**कैथल।** चीका क्षेत्र से साइकिल चोरी करने के मामले में थाना चीका पुलिस के एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी वार्ड नं 5 चीका निवासी गुरविंद्र सिंह उर्फ आलू को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पटियाला रोड़ चीका निवासी अन्नत राम की शिकायत अनुसार 3 मार्च को करीब 12 बजे वह उसका साईकिल देवीलाल पार्क चीका के गेट के सामने खड़ा करके पार्क के अन्दर गया हुआ था। वापस आकर देखा तो वहां से साइकिल चोरी हुआ मिला। तलाश करने बाद पता चला कि चीका निवासी गुरविंद्र उर्फ आलू उसकी साइकिल चोरी कर ले गया। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया।



राजौंद। एचएसईबी कर्मचारियों द्वारा गेट मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

### एचएसईबी कर्मचारियों की रोष गेट मीटिंग जारी

**राजौंद।** एचएसईबी कर्मचारियों की सब यूनिट राजौंद द्वारा लगातार छठे दिन भी मुख्य गेट पर रोष गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। यह बैठक सुबह 9:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित हुई। मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट कैशियर गुरुदेव मुंडे ने की, जबकि मंच संचालन सुखदेव ऑर्गेनाइजर ने किया। कर्मचारियों ने बताया कि कई कर्मचारियों की चार्जशीट का जवाब दो साल पहले दिया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है, जिससे वे प्रमोशन व एसीपी जैसे लाभों से वंचित हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के मामलों में शीघ्र समाधान कर उन्हें प्रमोशन दे दिया जाता है, जबकि कर्मचारियों के मामलों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके अलावा सब डिवीजन राजौंद में स्टाफ की भारी कमी होने के बावजूद कर्मचारियों से कैथल डिवीजन में कार्य लिया जा रहा है। मीटिंग में यह भी मुद्दा उठाया गया कि ट्री कटिंग व मेंटेनेंस कार्य के लिए वन विभाग से अनुमति नहीं ली गई है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है और आग जैसी घटनाओं का खतरा बना हुआ है। कार्यालय की जर्जर स्थिति को लेकर भी कर्मचारियों ने चिंता जताई।

# कलायत में 40 लाख से बनने वाली गली के निर्माण में धांधली के आरोप

- पार्कों में सिक्योरिटी गार्डों के नाम पर फर्जीवाड़ा का मुद्दा हुआ गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत। आरसीसी से बनने वाली वह गली जिसको लेकर विवाद खड़ा हुआ।

कलायत में नेशनल हाई-वे रामगढ़ मोड़ से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सामुदायिक भवन के पास से होते हुए खरक दरवाजा तक लाखों रुपए के बजट से बनने वाली गली में प्रयुक्त सामग्री पर विवाद खड़ा हो गया है। इस निर्माण कार्य के तुरंत प्रभाव से सैंपल भरने की मांग एसीबी व शहरी स्थानीय निकाय विजिलेंस से की जा रही है। गुणवत्ता, लेवल व मजबूती से जुड़े पहलुओं में भारी लापरवाही का आरोप लगाते हुए आरटीआई कार्यकर्ता सुरेंद्र बैद्य ने सीएम विंडों पर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि 40 लाख रुपए से अधिक के बजट से शहर की इस मुख्य गली का निर्माण होना है। नगर पालिका द्वारा तय रूप रेखा अनुसार गली के इसके कुछ हिस्से का निर्माण सडक़ की भांति आरसीसी व खरक दरवाजा की साइड यह ब्लाक्स से निर्मित होनी है। आरसीसी के पार्ट की मुख्य रूप से जांच की जरूरत है। इसकी मोटाई, प्रयुक्त सामग्री व लेवल का कहीं ध्यान नहीं रखा जा रहा। जिस तरीके से गली का निर्माण किया जा रहा है उसके अनुसार यह कुछ समय के बाद ही मिट्टी की तरह बिखरकर रह जाएगी।

# स्कूल में छात्रा के साथ दुर्व्यवहार का आरोप जांच में निकला निराधार

- जल्दबाजी में परिजनों ने किया था हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शिवकुमार।

आर्य स्कूल पूंडरी में तीसरी कक्षा की छात्रा के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस जांच के बाद आरोप निराधार पाए गए हैं। यह मामला पिछले कई दिनों से चर्चा में था, जिसमें स्कूल परिसर में सोलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे एक बाहरी कर्मचारी पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया गया था। मामले को लेकर छात्रा के परिजनों ने स्कूल पहुंचकर संबंधित कर्मचारी के साथ हाथापाई कर दी थी और आरोप लगाए थे कि प्रिंसिपल ने उनकी बात नहीं सुनी। इसके बाद सोमवार को परिजनों ने स्कूल गेट पर प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की। इस दौरान स्कूल प्रबंधन और प्रिंसिपल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि परिजनों को सीधे झगड़ा करने के बजाय पहले स्कूल प्रशासन को सूचित करना चाहिए था, जिससे मामले की सही तरीके से जांच हो पाती और स्कूल की छवि भी प्रभावित नहीं होती। शिकायत मिलने पर पुलिस ने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की और परिजनों को भी दिखाई। जांच में किसी प्रकार के दुर्व्यवहार की पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद परिजनों ने भी स्वीकार किया कि उन्होंने जल्दबाजी में कदम उठा लिया था। स्कूल की प्रिंसिपल गीता केशबर और मैनेजमेंट सदस्य विवेक बंसल ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा स्कूल की पहली प्राथमिकता है। यदि परिजन सीधे उनके पास आते तो वे स्वयं उचित कार्रवाई करते। बिना पूरी जानकारी के इस तरह के आरोपों से स्कूल की छवि प्रभावित होती है, जबकि जांच में आरोप निराधार साबित हुए हैं।



जींद। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए एबीवीपी कार्यकर्ता।

### एबीवीपी ने सरला कॉलेज प्रिंसिपल को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल को संबोधित ज्ञापन सरला महाविद्यालय प्रिंसिपल को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से यूजी 5 सेमेस्टर और पीजी 3 सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विशेष अवसर परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। यह परीक्षाएं जून के प्रथम सप्ताह में आयोजित करवाई जाएं ताकि जिन विद्यार्थियों की किसी कारणवश परीक्षाएं छूट गई हैं या वे किसी विषय में अनुत्तीर्ण रह गए हैं, उन्हें अपना शैक्षणिक वर्ष बचाने का अवसर मिल सके। उन्होंने मांग की कि यूजी 5 सेमेस्टर और पीजी 3 सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल चांस की परीक्षाएं आयोजित की जाएं और इसकी तिथि जून के पहले सप्ताह में निर्धारित की जाए ताकि विद्यार्थी समय पर अपनी आगे की पढ़ाई या प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। परीक्षा फॉर्म भरने के लिए विद्यार्थियों को पर्याप्त समय दिया जाए। परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द घोषित किए जाएं ताकि विद्यार्थियों का अगला शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो। यदि विद्यार्थियों की इस जायज मांग को अनदेखा किया गया तो एबीवीपी छात्र हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होगी।

### साइबर ठगों ने 410250 रुपये ठगे

**कैथल।** कैथल में साइबर ठगों द्वारा तीन अलग-अलग मामलों में 410250 रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पहले मामले में गांव खानपुर के राम मेहर ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 25 मार्च 2026 को साइबर ठगों द्वारा उसका फोन ट्रैक करते हुए उसके अलग-अलग बैंक खातों से 20250 रुपये की धोखाधड़ी की। सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दूसरे मामले में गांव पाबसर के छैलू राम ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फेसबुक चलाता है। उसने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका फेसबुक मैसेंजर आईडी पर विदेशी जानकार बनकर उसके साथ 100000 की धोखाधड़ी की। इसी प्रकार से तीसरे मामले में गांव फर्श माजरा के मुकेश कुमार ने अपनी शिकायत करवाई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

जेंडर सेंसिटाइजेशन' पर हुई दो दिवसीय कार्यशाला

# मुख्य वक्ता ने यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। अरविंद खुरानियां का स्वागत करते पदाधिकारी।

आरकेएसडी कॉलेज कैथल में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में जेंडर सेंसिटाइजेशन कमेटी, लीगल लिटरेसी सेल एवं वूमेन सेल के संयुक्त सहयोग से 'जेंडर सेंसिटाइजेशन' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में लैंगिक समानता, संवेदनशीलता तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट अरविंद खुरानिया ने 7 अप्रैल को गैर-शिक्षण कर्मचारियों तथा 8 अप्रैल को विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यस्थल पर लैंगिक संवेदनशीलता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम तथा आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर उत्पन्न समस्याओं का समाधान समिति के माध्यम से किस प्रकार किया जा सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने जेंडर सेंसिटाइजेशन को सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी बताया तथा सभी लिंगों के प्रति समान सम्मान, सहानुभूति और गरिमा के व्यवहार पर बल दिया। दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए आयोजित सत्र में उन्होंने पीपीटी के माध्यम से जेंडर सेंसिटाइजेशन की अवधारणा को सरल एवं प्रभावी ट्रांसजेंडर समुदाय, परित्यक्त बच्चों तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे समसामयिक मुद्दों पर भी चर्चा की। इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जबकि पहले दिन लगभग 100 गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### प्राचार्य ने किया जागरुक

सेंसिटाइजेशन आज के समय की अत्यंत आवश्यक आवश्यकता है। शिक्षण संस्थानों का दायित्व है कि वे विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाएं। इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में समानता, सम्मान और सुरक्षित वातावरण की भावना को सुदृढ़ करती हैं। यह कार्यशाला महाविद्यालय परिसर में लैंगिक समानता, सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई।

### ताले तोड़ दो लाख की नकदी व जेवरात चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने दो मकानों के ताले तोड़ कर दो लाख रुपये की नगदी, सोने, चांदी के जेवरात तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। संब

गांव अशरफगढ़ निवासी जुगनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके मकान का ताला तोड़ कर दो लाख रुपये की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। उधर, गांव बिघाना निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरो ने उसके मकान का ताला तोड कर सोना,चादी के जेवरात, मोबाइल फोन,गैस सिलेडर,तथा नगदी को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता चला जब वे सोकर उठे।